<u>आईआईएम रांची ने युवा संगम चरण IV में भाग लिया</u>

आईआईएम रांची युवा संगम में पंजाब सीयू भटिंडा जुड़ा, 4 फरवरी तक होगा रजिस्ट्रेशन

रांची | भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची को युवा संगम चरण IV में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भटिंडा के साथ जोड़ा गया है। इसके तहत पंजाब की जीवंत सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता का पता लगाने के लिए, झारखंड के लगभग 50 युवाओं को पंजाब विश्वविद्यालय भेजा जाएगा। साथ ही आईआईएम रांची झारखंड में इसी तरह की यांत्रा के लिए पंजाब के युवाओं की मेजबानी करेगा। इसके लिए संस्थान 18-30 वर्ष के युवाओं से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। पंजीकरण 4 फरवरी तक होगा।

Dainik Bhaskar_02.02.2024_Pg. 04

युवाओं से सीधे जुड़ेंगे आइआइएम के छात्र

जासं, रांची : आइआइएम रांची को युवा संगम चरण 4 में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय भटिंडा के साथ जोड़ा गया है। युवा संगम भारत सरकार द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत देश के विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के युवाओं के जुड़ाव को मजबूत करने की एक पहल है। पंजाब की जीवंत सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता का पता लगाने के लिए झारखंड के 45-50 युवाओं की सीयू पंजाब द्वारा मेजबानी की जाएगी। उन्हें राज्य के विभिन्न स्थानों का दौरा करने का मौका मिलेगा। इस आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत आइआइएम रांची झारखंड में इसी तरह की यात्रा के लिए पंजाब के युवाओं की मेजबानी करेगा।

Dainik Jagran_02.02.2024_Pg. 07